तारीख हुक्म	न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, झुन्झुनू प्रमोद बनाम तहसीलदार झुन्झुनू मुकदमा नम्बरः– 96/2019 (प्रार्थना–पत्र खाता दुरूस्ती रा.भू राजस्व अधिनियम 1956की धारा 136)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी
29.11.2019	आज यह प्रार्थना पत्र बाद रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनू से प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अवलोकन किया गया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर प्रमोद पुत्र ठण्डुराम के नाम से दर्ज रिकार्ड है जो दुरूस्त नही है। सही नाम प्रमेन्दर पुत्र ठण्डुराम है जो दुरूस्त करने का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र की जांच तहसीलदार झुन्झुनू ने अपने पत्र क्रमांक भू0अ0/2019/4477 दिनांक 08.11.2019 के द्वारा पेश की है कि प्रार्थना पत्र प्रमेन्दर पुत्र ठण्डुराम जाति मेघवाल निवासी लालपुर के नाम की दुरूस्ती चाही गई है। वर्तमान जमाबन्दी खाता संख्या 143 में प्रार्थी का नाम प्रमोद पिता ठण्डुराम दर्ज है। नामान्तरकरण संख्या 348 दिनांक 24.12.2010 को स्वीकृत में प्रमोद पिता ठण्डुराम दर्ज होना अंकित किया है। हमने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों व संलग्न राजस्व रिकार्ड तथा रिपोर्ट तहसीलदार पर बगौर मनन किया गया जिससे प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू0राज0 अधिनियम 1956 की तारीफ में नही आता है क्योंकि नामान्तरकरण संख्या 348 दिनांक 24.12.2010 को प्रमोद पिता ठण्डुराम ही दर्ज रिकार्ड है जिसके लिये अपील ही उपचार है। प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। 29/11/19 उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनू	

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Yadav
Date: 2019.12.05 16:56:51 IST
Reason: SelfAttested